यही माना जा सकता है कि यह रिपोर्ट प्रयोग की अवस्था में है और कैंसर के क्षेत्र में विश्व भर में चल रही बहुत सी ऐसी परियोजनाओं में से एक है ।

(ग) जी नहीं । इस अनुसन्धान विशेष में भविष्य में होने वाली प्रगति का ध्यान रखा जायेगा ।

**भारत सरकार मुद्रणालय, अलीगढ़ के अधिकारियों के विरुद्ध शिकायत**

4627. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या **निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ समय पूर्व भारत सरकार मुद्रणालय, अलीगढ़ के कुछ अधिकारियों के विरुद्ध सरकारी सम्पत्ति के दुरुपयोग सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त हुईं थीं;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस मामले में जांच करने के बारे में आदेश दे दिये गये हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि जिन अधिकारियों के विरुद्ध जांच हो रही है वे सम्बन्धित कर्मचारियों को इस तरह परेशान कर रहे हैं जिससे जांच में अपेक्षित सहायता न मिल सके; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार जांच पूरी होने तक उन अधिकारियों को वहां से स्थानान्तरित करने का विचार कर रही है ?

**निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना)**: (क) जी हां ।

(ख) जी हां ।

(ग) कर्मचारियों को परेशान करने के सम्बन्ध में कतिपय आरोप प्राप्त हुए हैं तथा उनकी भी जांच की जा रही है ।

(घ) जी नहीं । अधिकारियों को दण्ड देने तथा स्थानान्तरित करने के प्रश्न पर जांच की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद विचार किया जायेगा ।

**Allotment Rules for Government Accommodation**

4628. **Shri Bade:**
**Shri Hukam Chand Kachhavaiya:**

Will the Minister of **Works, Housing and Urban Development** be pleased to state:

(a) the number of times the Rules regarding the allotment of Government accommodation to the Central Government employees in Delhi/New Delhi have been revised during the last fifteen years;

(b) the particulars of the changes made specially in regard to (i) the classification/categorization of accommodation, and (ii) the fixation of priority dates for allotment in various categories/Classes under each revision scheme;

(c) the precise reasons for the frequent changes in Rules, and

(d) whether any uniform principles were followed in the matter in order to ensure that no body's interests were adversely affected in the process of revision?

**The Minister of Works, Housing and Urban Development (Shri Mehr Chand Khanna):** (a) to (d). The position is indicated in the statement laid on the Table of the House [*Placed in Library. See* No. LT-6184/66].

**Seizure of Contraband Articles by Excise Officials in Bombay**

4630. **Shri Baswant:**
**Shri Vishwa Nath Pandey:**

Will the Minister of **Finance** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that contraband articles worth several lakhs of rupees were hauled by the Central Excise Officials on the 7th April, 1966 when they intercepted two dhows off Murud (Bombay); and

(b) if so, the steps Government are considering to take in the matter?

**The Minister of Finance (Shri Sachindra Chaudhuri):** (a) On 6th April, 1966 two mechanised vessels were intercepted at sea off Janjira (Murud) and on search of one of the vessels foreign cigarettes, wrist watches, textiles, mechanical lighters and tape recorders worth about Rs. 2,66,600/- were recovered by the Central Excise officers. The vessel was also seized. No contraband was found in the other vessel.

(b) All the eleven members of the crew were arrested and afterwards released on bail. The case is under investigation.

### न्यू मोती नगर में जल संभरण

4631. श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री बालकृष्ण सिंह :
श्री वाल्मीकी :

क्या स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली की न्यू मोती नगर बस्ती में पानी का दबाव बहुत कम होने के कारण वहा के कुछ ब्लाकों के ऊपरी मंजिल के क्वार्टरों में पानी बिल्कुल ही नहीं चढ़ता ;

(ख) क्या इस सम्बन्ध में जनता द्वारा अनुभव की जा रही कठिनाई के बारे में सरकार को कोई शिकायतें मिली हैं ;

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ; और

(घ) क्या वहां के किसी ब्लाक में पानी का दबाव बढ़ाया गया है और यदि हां, तो शेष ब्लाकों में ऐसा न किये जाने के क्या कारण हैं ?

**स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री (डा० सुशीला नायर) :** (क) प्रश्न में उल्लिखित न्यू मोती नगर बस्ती से अभिप्राय सम्भवतः नजफगढ़ रोड पर स्थित मोती नगर बस्ती को बगल में स्थित स्लम टेनेमेंटों तथा इण्डस्ट्रियल हाउसिंग से है। कुछ ब्लाकों को छोड़ कर शेष सभी ब्लाकों के इन टेनेमेंटों की पहली मंजिल में पानी सामान्यतया उपलब्ध रहता है ।

(ख) जी हां ।

(ग) इस क्षेत्र में पानी की सप्लाई को बढ़ाने के लिये वजीराबाद से औद्योगिक क्षेत्र जलाशय तक एक तीस इंची नल पहले ही बिछा दिया गया है । औद्योगिक बस्ती से तिलक नगर तक एक नल पहिले स ही है और दूसरा बिछाया जा रहा है । इन कार्यों के पूरा हो जाने पर इन क्षेत्रों को काफी राहत देना सम्भव हो जायेगा तथापि जल कपाटों (स्लूस वाल्वों) के विनियमन से अस्थायी राहत दी जाती है ।

(घ) उपयुक्त इण्टर कनेक्शनों की व्यवस्था कर कुछ ब्लाकों में पानी के दबाव को बढ़ा दिया गया है और अन्य ब्लाकों में भी इसी प्रकार की कार्यवाही की जा रही है। इस काम की मई 1966 के अन्त तक पूरा होने की सम्भावना है ।

### Grants for Drainage in Municipal Areas

**4632. Shri Shree Narayan Das:** Will the Minister of **Health and Family Planning** be pleased to state:

(a) whether there is any scheme under which the State Governments are given loans and grants for laying underground drainage system in the Municipal areas of the respective States;

(b) if so, the precise nature and provisions of such a scheme; and

(c) the amount allotted and distributed so far to the States under this scheme during the Third Five Year Plan giving separate figures for each State?